आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

09.09.2024 समय : 1850

- केन्द्र ने देश के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की उन्तीस तारीख को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में कल से चौदह सितंबर के दौरान द्वीपों में जैव विविधता पर प्रदर्शनी आयोजित करेगा।

- राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद कोलकाता और एन सी ई आर टी, शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित करेगा।

- साइबर अपराध पुलिस थाना की टीम ने साइबर अपराध से जुड़े एक और मामले को सुलझाया है।

<><><><><><>

केन्द्र ने देश के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने मंकीपॉक्स से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपात की घोषणा की। मंत्रालय ने अपने परामर्श में मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों में फैले डर को रोकने के लिए निवारक उपाय अपनाने पर बल दिया है। मंत्रालय ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राज्य और ज़िला स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा विशेषकर जन स्वास्थ्य से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करने का परामर्श भी दिया। राज्यों को संदिग्ध और पुष्ट दोनों मामलों की देखरेख के लिए अस्पतालों में पृथकवास सुविधाओं तथा आवश्यक लॉजिक्स्टिक्स और प्रशिक्षित मानव संसाधनों की उपलब्धता की पहचान करने को भी कहा गया है। श्री चंद्र ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इस स्थिति की निगरानी करना जारी रखेगा और राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को हरसंभव समर्थन प्रदान करेगा।

इस बीच, भारत में एक किशोर में मंकी पॉक्स संक्रमण के संदिग्ध लक्षण मिले हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि रोगी को निर्दिष्ट अस्पताल में अलग रखा गया है और उसके नमूने संक्रमण की पुष्टि के लिए भेजे गये हैं। रोगी की हालत फिलहाल स्थिर है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की उन्तीस तारीख को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह एक सौ चौंदहवीं कडी होगी। श्रोता, टोल फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1 9 2 2 पर मिस्ड कॉल भी दे सकते हैं और एस एम एस पर आये लिंक के जरिये सीधे अपने सुझाव भेज सकते हैं। श्रोता नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। इस कडी के लिए सुझाव इस महीने की सत्ताइस तारीख तक भेजे जा सकते हैं। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रदेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण करेगा।

<><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में कल से चौदह सितंबर के दौरान द्वीपों में जैव विविधता पर प्रदर्शनी आयोजित करेगा। विश्व ओजोन दिवस को ओजोन परत के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में भी जाना जाता है, यह सोलह सितंबर को मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। विश्व ओज़ोन दिवस दो हजार चौबीस का विषय है, "जीवन के लिए ओजोन"। इस संबंध में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, संरक्षित जीवों के नमूनों, पोस्टर, पैम्फलेट और वीडियो के माध्यम से विश्व ओजोन दिवस दो हजार चौबीस के उत्सव के हिस्से के रूप में जैव विविधता पर एक प्रदर्शनी आयोजित कर रहा है। इस अवसर पर, ई.आई.ए.सी.पी. केंद्र की ओर से छात्रों, शिक्षकों और आम जनता के लिए अद्वितीय पशु विविधता को देखने के लिए प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इच्छुक स्कूल, कॉलेजों के छात्रों को प्रदर्शनी की अवधि के दौरान संग्रहालय देखने की व्यवस्था की जाएगी। प्रवेश निःशुल्क रहेगा और सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक प्रदर्शनी देखी जा सकती है।

<><><><><><><>

स्कूली बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद कोलकाता और एन सी ई आर टी, शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित करेगा। अगले महीने की तेईस और सत्ताईस तारीख को आयोजित होने वाली इस प्रतिभा खोज परीक्षा में कक्षा छठी से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। हिन्दी, अंग्रेजी सहित बारह क्षेत्रीय प्रमुख भारतीय भाषाओं में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में विद्यार्थी तेईस अक्तूबर या सत्ताईस अक्तूबर को शामिल हो सकते हैं। सुबह दस बजे से छः बजे तक की इस परीक्षा में विद्यार्थी स्कूलों से या अपने घरों से परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी राज्य स्तर की परीक्षा में शामिल होंगे। इच्छुक विद्यार्थी व्यक्तिगत रूप से समूहों में स्कूल लिंक के माध्यम से पन्द्रह सितम्बर तक पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के बार मालिकों और पी ओ एल मालिकों से समय पर वैट की अदायगी करने को कहा गया है। जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुछ ऐसे बार और पी ओ एल मालिक निर्धारित तिथि तक वैट जमा नहीं करते हैं, इससे सरकारी खजाने पर असर पड़ता है। कर की अदायगी प्रत्येक महीने के इक्कीसवें दिन तक और रिटर्न जमा करने के लिए प्रत्येक तिमाही की अट्ठाईसवें दिन को निर्धारित किया गया है। अब से वैट रिटर्न आर सी एस कार्यालय स्थित वैट अधिकारी मुख्यालय के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा पिछले वर्ष नौ जुलाई को ग्रुप सी की मैट्रिक स्तरीय पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। पिछले वर्ष इन पदों के लिए दस्तावेजों की जांच के दौरान स्वास्थ्य विभाग में टेलर के पद के लिए निर्धारित मापदंडों में योग्य उम्मीदवार नहीं पाए गए थे। प्रशासन ने पिछले वर्ष नौ जुलाई को इन पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों की दस्तावेजों की जांच करने का निर्णय लिया है। ऐसे उम्मीदवार, जिनके पास निर्धारित तकनीकी या ट्रेड योग्यता है, वे चौदह सितम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से दस्तावेजों की जांच के लिए सचिवालय के लघु सम्मेलन कक्ष में उपस्थित हो सकते हैं।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में एम ए बंगाली विषय में प्रवेश के लिए उम्मीदवार कल से तेरह सितम्बर के बीच आवेदन जमा कर सकते हैं। अस्थाई योग्यता सूची अट्ठारह सितम्बर को जारी होगी। अंतिम योग्यता सूची बीस सितम्बर को प्रदर्शित की जाएगी। सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन फार्म डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>

साइबर अपराध पुलिस थाना की टीम ने साइबर अपराध से जुड़े एक और मामले को सुलझाया है। पुलिस को शिकायत मिली थी कि धमके भरे संदेश भेजने के लिए फेसबुक प्रोफाइल का गलत इस्तेमाल हो रहा है। शिकायत के बाद अधिकारियों ने जांच पड़ताल आरंभ की और कड़ी निगरानी के बाद संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने अपना गुनाह कबूल किया। साइबर अपराध पुलिस थाना के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर साहिल समसुद्दीन के नेतृत्व में गिरफ्तारी की गई।

उधर, पुलिस ने लोगों से फर्जी नौकरी के झांसे में न आने की एक बार फिर अपील की है। पुलिस ने ऐसे फर्जी नौकरी के प्रस्तावों से खुद को सुरक्षित रखने के लिए सलाह जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि लोग अंजान नम्बरों से आए संदेशों को नजरअंदाज करें। किसी भी ऑनलाइन प्लेटफार्म पर संदेशों के माध्यम से प्राप्त अपरिचित लिंक पर क्लिक करने से बचे। नौकरी से संबंधित वैध जानकारी के लिए केवल अधिकृत कम्पनी या संगठन की वेबसाइट पर ही जाएं। पुलिस ने कहा है कि ऐसे जालसाजों से बचने के लिए सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं का ही पालन करना सुनिश्चित करना होगा।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में आज एस डी पी ओ आदित्य कुमार की अध्यक्षता में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कैम्पबेल बे में बढ़ते ड्रग्स के मामले को लेकर चिंता प्रकट करते हुए सदस्यों से नशीले पदार्थ और अवैध शराब की सूचना पुलिस थाने में देने को कहा, ताकि इस पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। बैठक में करीब बीस पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन आगामी सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए चौदह सितम्बर को नेताजी स्टेडियम में चयन ट्रयल का आयोजन करेगा।

उधर, हैदराबाद में आयोजित होने वाले ग्यारह वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय चेस चैम्पियनशिप के लिए द्वीपसमूह से खिलाड़ियों का चयन चौदह सितम्बर को डेरीफार्म स्थित अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के केन्द्र में किया जाएगा। बारह सितम्बर तक नाम जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>